कार्यालय प्राचार्य, विष्णुचरण गुप्ता शासकीय महाविद्यालय पुसौर
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Email: newgovtcollegepusaur@gmail.com

पुसौर, दिनांक 31/03/2022

// प्रतिवेदन //

आज दिनांक 31/03/2022 दिन गुरूवार को वि.च.गु. शासकीय महाविद्यालय पुसौर में **''आधुनिक विश्व के सन्दर्भ में भारतीय शिक्षाः चुनौतियाँ एवं समाधान''** विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्या की माता सरस्वती के समक्ष पूजा आराधना कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। अतिथियों को आसन प्रदान कर उनका ससम्मान स्वागत पश्चात् उनके कर कमलों से शोध संक्षेपिका का विमोचन किया गया। प्राचार्य डॉ.एस.एल.सोनवाने द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन, नोडल अधिकारी डॉ.एम.एल.पटेल द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं आयोजन संयोजक श्री श्रीबच्छ द्वारा शोध संगोष्ठी विषय वस्तु एवं उद्देश्य पर विस्तार से अपना विचार प्रकट किये। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री रीतेश थवाईत, अध्यक्ष नगर पंचायत, विशिष्ट अतिथि श्री किशोर कसेर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति विष्णुचरण गुप्ता शास. महाविद्यालय पुसौर, श्री दधिबामन साव सदस्य जनभागीदारी समिति विष्णुचरण गुप्ता शास. महाविद्यालय पुसौर, पंडित गुणनिधी सतपथी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा आज के शोध संगोष्ठी विषय पर अपना भाव विचार संप्रेषित किये।

प्रथम सत्र् में उपस्थित विषय विशेषज्ञ डॉ. बी.के.पटेल, प्रो. शैलेश कुमार मिश्रा, डॉ. नीतेश मिश्रा द्वारा आधुनिक विश्व के सन्दर्भ में भारतीय शिक्षा के चुनौतियां एवं समाधान हेतु नये नये विचार एवं सुझाव रखे गये जिनका अनुकरण कर वैश्विक स्तर पर चुनौतियों का समाधान एवं उपाय तलाश कर वैश्विक स्तर पर सफल हो सकते हैं। इस तरह प्रथम सत्र् की अवधि विशेषज्ञों के विचार विमर्श के साथ सम्पन्न हुआ।

तकनीकि सत्र् की अध्यक्षता डॉ.गोमती सिंह, डॉ. प्यारेलाल आदिले एवं डॉ. अरविन्द कुमार जगदेव इनके कुशल निर्देशन में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित सहायक प्राध्यापक एवं शोधार्थी डॉ. चन्द्रिका चौधरी, डॉ. अमर सिंह ठाकुर, डॉ. पुरूषोत्तम आदिले, सुश्री शिवानी शर्मा, सौरभ सराफ, गीता गुप्ता, ललिता पटेल व रीतेश कुमार प्रधान द्वारा अपना-अपना शोधपत्र वाचन किया गया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. रोहिणी आर्या वर्मा सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्री जयनारायण नायक सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र द्वारा किया गया।

महाविद्यालय के डॉ. सरोज कुमार, कार्यक्रम सह-संयोजक श्री विजय कुमार कांटे, श्री हरिहर प्रसाद चौहान कार्यक्रम सचित, रमेश कुमार साहू, सुश्री शिवानी शर्मा, श्रीमती शीतल केरकेट्टा, श्री बालमुकुन्द पटेल, श्री कौशल कुमार नायक एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित थे। इस सेमीनार का आयोजन सांस्कृतिक भवन दर्राखार पुसौर में सम्पन्न किया गया, जिसमें 60 से अधिक प्राध्यापक/सहा.प्राध्यापक एवं 400 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

प्राचार्य
वि.च.गु. शास. महाविद्यालय पुसौर
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

PRINCIPAL
VISHNUCHARAN GUPTA
Govt.College Pussore
District- Raigarh (C.G.)